हथियार बंद बदमाशों ने दस मिनट में साढ़े पंद्रह लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया

करणी विहार थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर अग्रवाल वुड्स के गोदाम में हुई वारदात

- **दो बाइकों पर सवार होकर हथियारों से लैस पांच नकाबपोश बदमाशों ने दिया डकैती को अंजाम**
- **सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन देर रात तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।**
- **बदमाशों की तलाश में दो सौ ज्यादा पुलिस कर्मी जुटे।**

जयपुर,(कासं)। राजधानी जयपुर में हथियारों की नोंक पर बंधक बनाकर लूट की वारदातें बढ़ती ही जा रही है। अभी पिछले दिनों गलता गेट इलाके में हुई लूट का खुलासा भी नहीं हो पाया उससे पहले बदमाशों ने करणी विहार थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर एक और वारदात को अंजाम दे दिया। शनिवार को इलाके में पांच्यावाला में एक्सप्रेस हाईवे के पास स्थित अग्रवाल वुड्स के शोरूम में दो बाइकों पर आए पांच नकाबपोश बदमाशों ने टिबंर व्यापारी सहित दो लोगों को बंधक बनाकर हथियारों के बल पर दस मिनट में साढ़े पन्द्रह लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में दो अपाची बाइक पर पांच नकाबपोश लडके नजर आ रहे है।

एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी ने बताया कि शनिवार को सुबह अग्रवाल वुड्स का मालिक विवेक अग्रवाल सुबह अपने गोदाम के ऑफिस में बैठा हुआ था। शोरूम में उसका एक वर्कर ओमप्रकाश काम कर रहा था। करीब 11 बजकर 30 मिनट पर पांच बदमाश दो अपाची मोटर साइकिल पर सवार होकर अग्रवाल वुड्स के गोदाम पर आए। तीन बदमाश हथियारों के साथ चेहरे पर नकाब पहन कर गोदाम में घुस गए। जबकि दो बाहर खड़े रहे। घुसते ही वह वर्कर को पकड़कर अंदर ऑफिस में ले गए। ऑफिस में हथियारों से लैस बदमाशों को देखकर व्यापारी विवेक डर कर चिल्लाने लगा। इस पर बदमाशों ने पिस्टल और चाकू के दम पर दोनों को ऑफिस के अंदर बंद कर लिया। इस दौरान उनके हाथ बांधकर मारपीट करने लगे। उन्होंने गोली मारने की धमकी देकर व्यापारी के सिर पर चाकू से वार किया।

व्यापारी विवेक ने पुलिस को बताया कि उसके ऊपर पिस्टल तानकर बदमाशों ने कहा कि जितने भी पैसे है दे दें। नहीं तो गोली मार देंगे। जान से मारने की धमकी देकर सेफ की चाबी मांगी। सेफ खोलकर उसमें रखे 11 लाख 48 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद व्यापारी के पास रख करीब एक लाख से ज्यादा रुपए भी ले लिए। उसके बाद भी और कैश कहां रखा है कहकर धमकाने लगे। इतने ही रुपए होने की कहने पर फिर गोली मारने की धमकी दी। उसके बाद आरोपियों ने टेप लगाकर मुंह बंद कर दिया। रुपए लूटकर जाते समय ऑफिस से बाहर आने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश करीब 10 मिनट में वारदात को अंजाम देकर 11 बजकर 40 मिनट पर फरार हो गए। डर के मारे व्यापारी और वर्कर ऑफिस में ही बैठे रहे। काफी समय तक किसी प्रकार की आवाज नहीं आने पर थोड़ी हिम्मत जुटाकर बाहर निकले। तब तक बदमाश वहां से फरार हो चुके थे।

इसी दौरान पड़ौस में रहने वाला ताऊ का लड़का वहां आया तो उसने व्यापारी के मुंह से टेप हटाया। इसके बाद व्यापारी ने उसे आपबीती सुनाई, जिसके बाद दोनों थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

डकैती की सूचना पर करणी विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस के आला अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने एफएसएल टीम की मदद से फिंगर प्रिंट सहित अन्य सबूत जुटाए। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए पूरे शहर में नाकाबंदी करवा दी, लेकिन देर रात तक बदमाशों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

पुलिस का मानना है कि इस वारदात में व्यापारी का कोई परिचत शामिल हो सकता है। वारदात को अंजाम देने आए बदमाश पहले गोदाम से आगे निकल गए थे। बाद में वापस लौटकर सही जगह आए। बादमाशों ने योजना के तहत डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि यह पैसा छह दिन के कलेक्शन का था। शनिवार को व्यापारी लकड़ी का माल मंगवाने के लिए अलग-अलग फर्मों को पेमेंट करता था। इसलिए वह यह राशि घर से लेकर आए थे। संभवत: इस बारे में बदमाशों को पहले से जानकारी थी। एसीपी प्रमोद कुमार स्वामी ने बताया कि पुलिस के डेढ़ सौ ज्यादा लोग सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में लगे हुए हैं। इसके अलावा तीन डिप्टी एसपी, डीसीपी, स्पेशल टीमें, डीएसटी सहित दो पुलिस कर्मी बदमाशों की तलाश में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने में जुटी है।

उधर सूरजपोल के नागतलाई में व्यापारी को बंधक बनाकर लूटने वाले लुटेरों का भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। घटना के 11 दिन बाद भी लुटेरों की गिरफ्तारी नहीं होने से शहर के व्यापारियों में आक्रोश है। गौरतलब है कि गत 24 अगस्त को सूरजपोल के नागतलाई में व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर लुटेरे 60 लाख रुपए नकद और करीब 80 लाख रुपए कीमत के डेढ़ किलो सोने के जेवर लूट ले गए थे।

यह सुशासन की सफलता है कि मोदी को लोग बार-बार नेतृत्व देते हैं : जावड़ेकर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लिखित पुस्तक ''मोदी-20'' पर भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने प्रबुद्यजनों से संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और प्रदेश प्रभारी चंद्रशेखर मौजूद रहे।

- **'भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने तक सतीश पूनिया ने साफा नहीं पहनने का संकल्प लिया है, 14 महीने बाद भाजपा सरकार बनने पर पूनिया को मैं स्वयं साफा पहनाऊँगा'**
- **नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व से रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हमारे विद्यार्थी सकुशल स्वदेश लौटे और पाकिस्तान के लोग भी भारत के तिरंगे की शरण में आकर सुरक्षित अपने देश पहुंचे : डॉ. सतीश पूनिया**

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लिखित पुस्तक "मोदी-20" पर जयपुर देहात उत्तर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम को सम्बोधित कर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित कर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया।

प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव से आते हैं, उनकी कोई राजनीतिक विरासत नहीं है, उनके पिताजी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते थे, मोदी बचपन में पिताजी को रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने में मदद करते थे। कांग्रेस वाले इस बात को पचा नहीं पाए कि चाय वाला देश का प्रधानमंत्री कैसे बना, एक बार नहीं, दो बार नहीं अबकी बार तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी को 20 साल शासन करते हुए हो गए, यह सुशासन की सफलता है कि अच्छा काम करोगे तो लोग बार-बार चुनकर आपको नेतृत्व देते हैं, यह विश्वास है, यह लोकतंत्र की खूबी है। जावड़ेकर ने कहा कि मोदी ने 20 साल में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है, और 1 दिन भी बीमार नहीं हुए, देश के विकास और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम करते हैं, उन्होंने राजनीति की दिशा और दशा ही बदल दी। कांग्रेस और अशोक गहलोत जी आप को समझने में बहुत कठिन होगा, कांग्रेसी ऐसी मेहनत नहीं करते थे, और एक घराने की ही जब सत्ता चलती है तब बिल्कुल ऐसी मेहनत नहीं होती है जो मोदी जी कर सकते हैं और इसलिए मोदी जी लोगों को पसंद आते हैं।

जावड़ेकर ने कहा कि भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने तक सतीश पूनियां ने साफा नहीं पहनने का संकल्प लिया है, सतीश जी ने साफा उतारा है जब तक राजस्थान में भाजपा की सत्ता वापस नहीं आ जाती, लेकिन 14 महीने बाद राजस्थान में भाजपा की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी और परिश्रमी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को मैं स्वयं साफा पहनाऊँगा।

डॉ. पूनियां ने संबोधित करते हुए कहा कि, मोदी ने पिछले 20 वर्षों में गुजरात से लेकर भारत का नेतृत्व करते हुए देश के बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुददों का समाधान किया। देश का नेता देश का स्वाभिमान कैसे होता है, रूस और यूक्रेन की लड़ाई में हमारे यहां के भी मेडिकल स्टूडेंट थे हमें फोन करते थे कि हमारे बच्चों को लाओ, हम कभी फोन करते कभी मेल करते, विदेश मंत्रालय में आपने देखा होगा कि मोदी जी ने चार चार मंत्री रोमानिया, पोलैंड की सीमा पर भेज दिए, वायु सेना के जहाज भेज दिए।

भाजपा का किसान सम्मेलन आज

जयपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवा ने बताया कि भाजपा के विशाल किसान सम्मेलन को रविवार को डीडवाना में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया संबोधित करेंगे। हरिराम रणवा ने बताया कि, अजमेर संभाग के डीडवाना में विशाल किसान सम्मेलन में सतीश पूनियां के साथ उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रदेश महामंत्री दिया कुमारी, पूर्व मंत्री गजेंद्र खींवसर, संबोधित करेंगे।

आरयूएचएस का वर्ष 2015 की भर्ती रद्द करना सही : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पदों की वर्ष 2015 की भर्ती को रद्द करने के आरयूएचएस के निर्णय को सही माना है। अदालत ने आरयूएचएस को कानूनी प्रावधानों के अनुसार चयन प्रक्रिया व नियमित नियुक्ति करने की छूट दी है, लेकिन नियमित नियुक्तियां होने तक याचिकाकर्ताओं को सेवा में बनाए रखने को कहा है।

जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश डॉ. कृतिका शर्मा व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामले में विवि के तत्कालीन रजिस्ट्रार पर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं और विवि ने महाधिवक्ता की राय के बाद ही भर्ती को रद्द किया है। इसके अलावा विवि को एक नियोक्ता के रूप में भर्ती करने या नहीं करने का अधिकार है। याचिकाकर्ता को सिर्फ स्क्रीनिंग टेस्ट पास होने के आधार पर ही नियुक्ति लेने का अधिकार नहीं हो जाता है।

याचिकाओं में कहा कि वे कई सालों से आरयूएचएस में अर्जेंट व अस्थाई तौर पर काम कर रहे हैं।

लिपिक को सजा

जयपुर। अदालत ने गबन करने वाले चिड़ावा पंचायत समिति के तत्कालीन वरिष्ठ लिपिक सुखबीर सिंह गुर्जर को पांच साल की सजा सुनाई है।

प्रत्येक वार्ड में मांग के अनुसार लोगों को मिलेगा रोजगार : जोगाराम

जयपुर, (का.सं.)। स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव जोगाराम ने शनिवार को नगर निगम जयपुर हैरिटेज में दोनों नगर निगमों के जोन उपायुक्तों एव अधिशाषी अभियंता व अन्य अधिकारियों की बैठक ली जिसमें 9 सितंबर 2022 से जयपुर शहर में शुरू होने वाली इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की तथा जोन उपायुक्तों को कैसे-कैसे काम कराये जाने है उसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शासन सचिव ने कहा कि कार्य शुरू कराने से पहले एवं पूरा कराने के बाद फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिये कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना है जैसे पार्कों के सोदंर्यकरण, डिवाइडरों की मरम्मत, नालों व नालियों की सफाई, शमशान घाट एवं कब्रिस्तान के सुधारीकरण, सार्वजनिक शोचालयों की सफाई, हॉर्डिंग्स बेनर हटाने, श्रमिकों को रोजगार देना आवश्यक

स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव जोगाराम ने शनिवार को नगर निगम जयपुर हैरिटेज में दोनों नगर निगमों के जोन उपायुक्तों एव अधिशाषी अभियंता व अन्य अधिकारियों की बैठक ली।

बावडिंया के सुधार आदि कार्यों को प्राथमिकता देना है।

शासन सचिव ने निर्देश दिये कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम 50-50 होगा। इसे मध्यनजर रखकर कार्यों की स्वीकृति जारी करना है। उन्होंने बताया कि योजना की संपूर्ण मॉनिटरिंग संबंधित जोन उपायुक्त की होगी। बैठक में स्वायत शासन विभाग के निदेशक हृदेश कुमार शर्मा ने जोन उपायुक्तों को संबंधित जोन के वार्ड पार्षदों के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकरण कराकर रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिये।

बैठक में नगर निगम जयपुर हैरिटेज आयुक्त विश्राम मीना ने निगम हैरिटेज क्षेत्र में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना को शुरू करने के लिए गंभीरता से तैयारियां की जा रही है। हमारा प्रयास होगा की शहरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देने के साथ शहर का सोंदर्यकरण हो।

बैठक में स्वायत शासन विभाग के निदेशक हृदेश कुमार शर्मा, निगम हैरिटेज उपायुक्त आशीष कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस.के. वर्मा, निगम हैरिटेज एवं ठोटर के समस्त जोन उपायुक्त, अधीशाषी अभियंता व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है "महिला-विरोधी-गहलोत"

- **सतीश पूनिया, राजेन्द्र राठौड़, गजेंद्र शेखावत सहित कई नेताओं ने बोला जुबानी हमला**

जयपुर। भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस सरकार के खिलाफ एव मुख्यमंत्री के बयान के खिलाफ ट्विटर पर एक अभियान छेड़ा। इसमें यह अभियान ट्विटर पर आज ट्रेड कर रहा है। यह 'महिला-विरोधी-गहलोत' अभियान हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया है कि महिला अत्याचार से संबंधित 56 प्रतिशत मामले झूठे दर्ज कराने से राजस्थान बदनाम हो रहा है। उन्होंने झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिए। भाजपा के बयानों के साथ-साथ ट्वीटर पर महिला-विरोधी-गहलोत अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया सहित सभी बड़े नेताओं ने भी अभियान में हिस्सा लेकर मुख्यमंत्री गहलोत को घेरा है।

पूनिया ने ट्वीट किया कि जिस तरह से मुख्यमंत्री गहलोत के शासनकाल में हर वर्ग विशेष तौर पर महिलाओं पर क्राइम बढ़ा है, आप इस सत्य से भाग नहीं सकते, बहाने नहीं बना सकते, स्वीकार तो करना पड़ेगा कि आपने पूरे गृह मंत्रालय की ताकत को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने के लिए ही काम में लिया है। सीएम को महिलाओं की सुरक्षा न कर पाने के कारण एक भी दिन कुर्सी पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने लिखा जागो मुख्यमंत्री जी जागो। अपराधियों पर करम और समाजसेवकों पर सितम, ये है राजस्थान का सिस्टम। राजस्थान सरकार जब तक रेप की घटनाओं को सामान्य अपराध के नजरिए से देखती रहेगी, ये अमानवीयता नहीं रुकेगी। दुष्कर्मों की सूची में अब कोटा का भी प्रकरण जुड़ गया है। मुख्यमंत्री को समझना होगा कि लॉ एंड ऑर्डर की आलोचना के पीछे मकसद राजनीति नहीं आपको जगाना है ताकि समाज को असुरक्षित बना रही दरिंदगी रुके। आप किंकर्तव्यविमूढ़ क्यों हैं? समझ से परे है।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने लिखा कि मुख्यमंत्री अपने बेतुके व निराधार बयानों से कभी रेप के आरोपियों के लिए रेड कार्पेट बिछाकर एनसीआरबी जैसी संस्था के आंकड़ों को झुठलाते हैं तो कभी फांसी की सजा के प्रावधान से रेप के बाद हत्या की घटनाओं में बढ़ोतरी होने की बात कहते हैं। विधायक वासुदेव देवनानी ने लिखा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान को लूट, हत्या व बलात्कार में नंबर 1 बना दिया है।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को दोपहर 1 बजे प्रदेश पदाधिकारी बैठक और शाम को 4 बजे कोर कमेटी बैठक का आयोजन होगा। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित प्रमुख वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। जो प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और शाम को 4 बजे सतीश पूनियां की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश के जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। वही आगामी विधानसभा एव लोकसभा चुनावों के बारे में चर्चा की जाएगी।

1998 के बाद हम कभी फिर से 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए : दिव्या मदेरणा

एनएसयूआई की हार पर शुरू हुआ ट्विटर वार और तेज हुआ

- **यह भी लिखा कि अमेरिका में भी डोनाल्ड ट्रम्प का दौर आया था, इसलिए यह निश्चित रूप से कांग्रेस नहीं है लेकिन राजस्थान में एनएसयूआई ज़रूर एक मजाक बन गया है**

जयपुर, (का.प्र.)। प्रदेश में एनएसयूआई की करारी हार के बाद उठा तूफान शांत होने का नाम नहीं ले रहा है अब इस तूफान में कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा भी शामिल हो गई हैं। उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट करते हुए ना सिर्फ एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक चौधरी को लपेटा है बल्कि उन्होंने कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में पुरानी हार का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी निशाने पर लिया है।

उनका कहना था कि प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने भीतरघात और जयचन्दों का जिक्र छेड़ दिया और ट्वीट किया। लिखा, छात्रसंघ चुनाव के परिणामों की पूर्ण जिम्मेदारी मैं लेता हूं, लेकिन एक बात कहना चाहूंगा कि भीतरघात का कोई समाधान नहीं है। विभीषण व जयचंदों का कोई समाधान नहीं है।

उनके इस पोस्ट का जवाब दिव्या मदेरणा ने देते हुए तंज भरा ट्वीट किया और लिखा कि शून्य पर रन आउट होने को शानदार प्रदर्शन कहने वाले ये पहले और अंतिम व्यक्ति होंगे। साथ ही सवाल उठाया कि बताएं कि 2014 में एनएसयूआई के विभीषण और जयचंद कौन थे? एक और ट्वीट करते हुए दिव्या मदेरणा ने लिखा कि एनएसयूआई के शून्य होने पर चर्चाओं का बाजार उफान पर है और हो भी क्यों नहीं, लेकिन इस मामले में संगठन को दोष नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह जब अध्यक्ष बने थे तो जबरदस्त आपदा भी चल रही थी। खुद सरकार संकट में थी। एनएसयूआई का अध्यक्ष कौन बने, कौन नहीं बने। उस समय इसमें किसी को लेश मात्र रुचि नहीं थी। दिव्या मदेरणा यहीं नहीं रुकी और उन्होंने एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी पर तो निशाना साधा ही, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी नहीं छोड़ा। इतिहास याद दिलाते हुए लिखा कि 1998 में बीजेपी की 33 सीटें आने और उसके बाद के हालात पर एक ट्वीट पर रिट्वीट करते हुए कहा कि, हम 1998 के बाद फिर कभी 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। आपको बता दें कि 1998 के चुनाव कांग्रेस ने दिव्या मदेरणा के दादा और तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परसराम मदेरणा के नाम पर लड़ाई थे लेकिन मुख्यमंत्री उस समय अशोक गहलोत को बना दिया गया था। दिव्या ने एक और फोटो के साथ पोस्ट किया और लिखा कि अमेरिका में भी डोनाल्ड ट्रम्प का दौर आया था, इसलिए यह निश्चित रूप से कांग्रेस नहीं है लेकिन राजस्थान में एनएसयूआई ज़रूर एक मजाक बन गया है।

छात्रसंघ चुनावों में एनएसयूआई की हार के बाद जारी जंग के बीच सचिन पायलट समर्थक विधायक मुकेश भाकर ने निर्मल चौधरी के स्वागत समारोह में कहा कि किसान का बेटा होने के कारण निर्मल चौधरी का टिकट काट लिया। किसी की दया पर राजनीति नहीं करते, जितना पैरों में दम है, उतनी राजनीति करते हैं। निर्मल चौधरी ने शुरू से कांग्रेस के लिए काम किया। जब खुद के चुनाव लड़ने की बारी आई तो भाकर का ठप्पा लगा होने की बात को लेकर टिकट काट ली। आप सर्वे करवाते किसके पक्ष में हवा है। केवल यह सोचकर कि किसान का बेटा है, पैसा नहीं लगा पाएगा। जितना पैरों में दम है, उतनी राजनीति करते हैं। नहीं तो घर बैठ जाएंगे। पांच साल बाद विधायक रहे या नहीं रहें। चाहे कोई परिस्थिति बने।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

खोया पाया

हमारे प्लॉट नम्बर एम-40 व 41, अंसल सुशान्त सिटी प्रथम, मांचवॉ, कालवाड रोड, जयपुर का अंसल टाउनशिप बायर एग्रीमेन्ट एवं ट्रांसफर लेटर खो गये है, मिलने पर सूचित करें, मुनेश कुमार नाहता मो. 9782285104

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य ए.के. शर्मा पता-प्लॉट नम्बर-444, सूरजावाला भाटावाला, वाटिका रोड, सांगानेर, जयपुर ने एक उक्त प्लॉट नम्बर-444, सूरजावाला भाटावाला, वाटिका रोड, सांगानेर, जयपुर को श्री मनोज शर्मा पुत्र श्री रामभरोसी जी निवासी उपरोक्त से क्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया है तथा इकरारनामा में वर्णित समय में उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति का विक्रय पत्र भी निष्पादित किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति के प्रथम मंजिल व खाली भूमि का कब्जा भी प्राप्त कर लिया है। किसी भी दीगर व्यक्ति व संस्था आदि को कोई आपत्ति, आक्षेप है तो उक्त आम सूचना से मुझे सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज सूचित करें तथा सात दिवस बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
एस.एल. कुमावत, एडवोकेट, मो.7357555320, 9261438013

आम सूचना मेरी अभिभाष्या श्रीमती सुदेश कुमारी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री कृष्ण कुमार गिलोत्रा उम्र 79 वर्ष निवासी ए-261, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उनकी दत्तक पुत्री क्षमा उर्फ भावना गिलोत्रा उम्र 34 साल व उसका अवयस्क पुत्र आशीष कुमार उर्फ आशु उम्र 13 साल मेरी अभिभाष्या व उसके परिवारजनों के कहने में नहीं है तथा उनका मेरी अभिभाष्या से पिछले काफी लम्बे समय से कोई संपर्क सरोकार नहीं है। अतः मेरी अभिभाष्य ने क्षमा उर्फ भावना गिलोत्रा व उसके पुत्र आशीष कुमार उर्फ आशु आयु 13 वर्ष, को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में यदि कोई व्यक्ति उससे लेनदेन, संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा, ऐसे किसी संव्यवहार व क्षमा उर्फ भावना गिलोत्रा के किसी कार्य के लिये मेरी अभिभाष्या व उसके परिवारजन जिम्मेदार नहीं होंगे तथा उनके किसी कृत्य के लिये मेरी अभिभाष्या को परेशान नहीं किया जाये। सूचित रहे।
जयपुर (बृज मोहन बेनीवाल) एडवोकेट
दिनांक-02.09.2022 मो. 9602826090

NAME CHANGE

I have Changed my Name from Meenakshi Harkishindas Punjabi To Kritika Pubjabi in Future I known by this Name for All Purpose Address-173-B, Sindhi Colony, Banipark, Jaipur (Raj.)

I have Changed my Name from Rohtash to Rohtash Kumar in Future. I known by this Name for All Purpose Address-10/11, Sundar Nagar, Near Sundar Paradise, RIICO Kanta Mansarovar, Jaipur.

कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
क्रमांक-मु.जो./ननिज/2022/980 दिनांक-10.08.2022
आपत्ति आमंत्रण सूचना समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मुरलीपुरा जोन कार्यालय में श्रीमती हंसा देवी पत्नि श्री रामगोपाल मीणा निवासी मीणा मौहल्ला नांगल जैसा बोहरा, जयपुर के द्वारा विक्रय पत्र, दो गवाहों का शपथ पत्र, वसीयतनामा के आधार पर 69-क के तहत पट्टा चाहा गया है। जिसकी नियमानुसार कार्यवाही विचाराधीन है। उक्त भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो जोन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य आपत्ति पेश करें। वाद मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा पत्रावली पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त, मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को मेरे अभिभाष्य राधेश्याम शर्मा पुत्र स्व. गोरीलाल शर्मा उम्र-80 वर्ष निवासी-379, सचिवालय नगर, टोंक रोड, सांगानेर, जिला जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य जब जुलाई 2022 में बीमार था तथा अपना ओपरेशन करवाया था उस दौरान (1) रामसहाय पुत्र रोडूराम मीणा निवासी-धीरावतो की ढाणी, एयरपोर्ट के सामने, सांगानेर, जिला जयपुर (2) जितेन्द्र पाटोदियो पुत्र हनुमान सहाय पाटोदिया निवासी-गोमिया पेट्रोल पम्प के सामने, सांगानेर जिला जयपुर ने मेरे अभिभाष्य से यह कहते हुए कि खुशी एनक्लेव 7, नेमीनाथ नगर, इन्द्रपुरी सांगानेर के जो आवंटन पत्र थे उसमें 10 प्रतिशत जेडीए के पास अमानती रहते है उसको आरएसईबी सांगानेर में रूपया देकर रिलीज करवाने हेतु कहकर खाली स्टाम्प 100/- रूपये व 500/- रूपये पर हस्ताक्षर करवाकर ले गये। मेरा अभिभाष्य जब बीमारी से ठीक हुआ और उसने जब मालूमात की तो जानकारी में आया कि इन लोगों ने स्टाम्पो को पेश नहीं किया। यदि उक्त दोनों व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के खाली हस्ताक्षरशुदा स्टाम्पो का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग करते है तो अवैध व आमन्य होंगे तथा उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।
(जितेन्द्र कुमार गौतम) एडवोकेट, मो.नं. 8058551425

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री अतुल शर्मा पुत्र श्री केदान प्रसाद शर्मा, निवासी गोपुरी, टाटियावास, रामपुरा, जयपुर, राज. के स्वामित्व के प्लाट नं. 42 व 44, गणेश विहार चतुर्थ, राजारामपुरा, जयपुर राज. सोसायटी भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति के मय खाली हस्ताक्षरशुदा ट्रांसफर सैट एवं इसके अलावा आधार कार्ड असल, पारिवारिक सदस्यों की आई.डी., चैक बुक खाली व हस्ताक्षरशुदा चैक, पैन कार्ड व स्टॉम्प पेपर खाली व हस्ताक्षरशुदा मय पाई पेपर व उनकी पारिवारिक सदस्या क्रमशः श्रीमति ललिता शर्मा, श्रीमति कामिनी शर्मा व नीलम शर्मा के स्वामित्व के प्लाट नं. 151,311 व एक अन्य प्लाट स्थित गणेश विहार अखेपुरा, दिल्ली अजमेर बाईपास, जयपुर राज. श्री गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति के एक बैग में मोटरसाईकिल से जाते हुए दिनांक 07.04.2022 को सीकर पर रामपुरा डाबरी से चौमूं पुलिया जयपुर के बीच में कहीं गिर गये है जिसकी खोया पाया रिपोर्ट सं. 1416345/2022 दिनांक 13.04.2022 को मेरे अभिभाष्य ने दर्ज करा दी थी लेकिन उसके बावजूद भी अब तक उक्त वर्णित पांचों पट्टे व अन्य दस्तावेज तथा चैक बुक स्टॉप आदि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है। अतः उक्त दस्तावेजात के आधार पर कोई भी व्यक्ति यदि दुरूपयोग करते हुए अपना स्वत्व का या अन्य किसी व्यक्ति का हक अधिकार सृजित करता है तो इसके लिये वह स्वयं जिम्मेवार व दोषी होगा तथा इस प्रकार का उक्त अधिकार सृजन तथा अन्तरण या स्वामित्व मेरे अभिभाष्य की तुलना में शून्य होगा व जिसके लिये वह व्यक्ति स्वयं दोषी व जिम्मेदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसे कोई दस्तावेज या जानकारी या कोई भी आपत्ति हो तो मुझे 7 दिवस में मेरे निम्न पते पर जरिये लिखित सूचना व ईमेल पर सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। कृपया सूचित रहे।
दिनांक- 03.09.2022 (श्याम सुन्दर शर्मा) एडवोकेट
फोन-2200101 मो- 9829210221

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
256सिग/22/2022-23 दिनांक 01.09.22
भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम** : डीआरएम कार्यालय, जोधपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे में नए RE भवन में एस एण्ड टी नियंत्रण कार्यालय के स्थानांतरण का कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रूपये 89,30,046/- **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता** : वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जौशी मार्ग, जोधपुर। **4. बयाना राशि (EMD)**: रूपये 1,78,600/- **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय** : 23.09.2022 को 15.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 15.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **6. वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहां से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें** : **www.ireps.gov.in नोट** :- यह एक ई टेण्डर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले। 695-DG/22
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय वाणिज्यिक न्यायालय क्र. सं. 3 जयपुर महानगर -द्वितीय
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरुद्ध
मैसर्स नीलम एन्टरप्राईजेस एण्ड ऑटो पार्टस
वाद बाबत वसूली, वाद सख्या 89 सन् 2020 CIS-124/20
बनाम :-(1) मैसर्स नीलम एन्टरप्राईजेस एण्ड ऑटो पार्टस जरिए प्रोप्रायटर सुनिल कुमार शर्मा पुत्र ब्रिज मोहन, 89, ब्राम्हणो का मोहल्ला, ग्राम एवं पोस्ट खोरा बिसल, वाया झोटवाडा, जयपुर 302012
(2) सुनिल कुमार शर्मा पुत्र ब्रिज मोहन प्रोप्रायटर मैसर्स नीलम एन्टरप्राईजेस एण्ड ऑटो पार्टस 89, ब्राम्हणो का मोहल्ला, ग्राम एवं पोस्ट खोरा बिसल, वाया झोटवाडा, जयपुर 302012
वादी ने आपके विरूद्ध वाद बाबत वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 09 सन् 2022 को दिन में 10:00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा, या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 03 माह 09 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
(मुहर) न्यायालय वाणिज्यिक न्यायालय क्र. सं. 3 जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
D.123 12.07.22 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-2, जयपुर महानगर द्वितीय
राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक
विरूद्ध
मुकेश चन्द शर्मा व अन्य
वाद बाबत- वसूली वाद संख्या
बनामः- (1) मुकेश चन्द शर्मा पुत्र स्व. धनेश चन्द शर्मा, निवासी-पर्यटन विभाग, गोरमेन्ट हॉस्टल कैम्पस, एम.आई.रोड, जयपुर। कार्यालय पताः चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर्यटन विभाग, गर्वमेन्ट हॉस्टल कैम्पस, एम. आई. रोड, जयपुर। (2) सत्री सोलंकी पुत्र स्व. श्री किशन लाल, निवासी- 67बी, बजरंग वाटिका कॉलोनी, सिरसी रोड, विनायका, जयपुर।
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद पंजीयत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 14 माह सितम्बर सन् 2022 को दिन में 10:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 12 माह 07 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
(सील) अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-02, जयपुर महानगर द्वितीय